परीक्षा नियन्त्रक/कुलसचिव
Controller of Examinations/Registrar

महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ,
वाराणसी–221002
Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith
Varanasi-221002

Ref./पत्रांक :/ 372 /2021 *Date/दिनांक* 07 दिसम्बर 2021

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/पाठ्यक्रम प्रभारी/निदेशक
समस्त प्रबन्धक/प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय।

महोदय,

अवगत कराना है कि दिनांक 17–11–2021 को परीक्षा समिति की बैठक आहूत की गई जिसमे मिड टर्म परीक्षा के सम्बन्ध मे परीक्षा समिति के सदस्यों द्वारा सर्व सम्मिति से निम्न निर्णय लिया गया है–

मिड टर्म परीक्षा (आन्तरिक परीक्षा) हेतु नियमावली

प्रत्येक विषय के प्रत्येक प्रश्न पत्र (सैद्धान्तिक अथवा प्रायोगिक) 100 अंक का होगा। जिसमें 75 अंक की सैद्धान्तिक परीक्षा तथा 25 अंक की मिड टर्म परीक्षा होगी। मिड टर्म परीक्षाएं विभाग/महाविद्यालय अपने स्तर से सम्पन्न करायेगी।

आन्तरिक मूल्यांकन के लिए निम्नानुसार अंक विभाजन रहेगा–

1. बहु विकल्पीय प्रश्नों पर आधारित क्लास टेस्ट(कम से कम दो टेस्ट अवश्य हो, जिसमें कम से कम एक टेस्ट मे उपस्थित होना अनिवार्य होगा)– 05 अंक
2. प्रजेन्टेशन–05 अंक
3. प्रोजेक्ट रिपोर्ट/सेमीनार/राइटिंग स्कील/केस स्टडी (एसाइनमेन्ट) (दिये गये विषय पर तैयार करनी होगी। – 10 अंक
4. उपस्थिति एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियां – 05 अंक

मिड टर्म परीक्षाएं सेमेस्टर परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व सम्पन्न करा ली जायेगी तथा उसके अंक निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय को प्रेषित करना आवश्यक होगा। जो विद्यार्थी मिड टर्म परीक्षा में अनुपस्थित रहेगा, उन्हें सेमेस्टर परीक्षा मे सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नही की जायेगी।

नोट – 1 उक्त नियम वोकेशनल और को–कैरीकुलम पाठ्यक्रम मे भी लागू होगा

नोट – 2 जिन पाठ्यक्रमों का शासन द्वार अंक विभाजन है वे वही लागू होगे।

नोट – 3 मिट टर्म परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत एवं अधिकतम 80 प्रतिशत अंक प्रदान किया जायेगा।

अतः कृपया उक्त से अवगत होते हुए मिडटर्म परीक्षा माह दिसम्बर के अंतिम सप्ताह तक सम्पन्न करा के प्राप्तांक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Pandey

परीक्षा नियन्त्रक/कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. माननीय कुलपति जी।
2. परीक्षा नियंत्रक
3. सहायक कुलसचिव–परीक्षा सामान्य।
4. अधीक्षक–परीक्षा गोपनीय/परीक्षा सामान्य
5. जनसम्पर्क अधिकारी,
6. प्रभारी, संगणक केन्द्र को इस आशय से कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपरोक्त कार्यवृत्त को सम्बन्धित व्यक्ति एवं जन साधारण के सूचनार्थ अपलोड कर दें।

परीक्षा नियन्त्रक/कुलसचिव

s.Oliver